आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 16.12.2024
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को आज लोकसभा में पेश किया जाएगा।
- योग और मलखंभ को 38वें राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन एक उत्सव के रूप में किया जाएगा।
- केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने राष्ट्रीय खेलों के माध्यम से देश की उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने पर जोर दिया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य साहस और अटूट देशभक्ति को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया।

एक राष्ट्र एक चुनाव

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को आज लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 129वां संविधान संशोधन विधेयक और केन्द्रशासित क्षेत्र संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेंगे। हाल ही में सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव करवाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव पर विचार के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशें स्वीकर की थी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों समेत सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया था। एक राष्ट्र एक चुनाव का सिद्धांत दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जाएंगे जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकायों के चुनाव आम चुनावों के सौ दिनों के भीतर कराये जाएंगे।

राष्ट्रीय खेल–01

38वें राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर समारोह की भव्यता के बीच योग और मलखंभ जैसे दो पारंपरिक खेल भी राष्ट्रीय खेल का हिस्सा बन गए। रविवार को देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित भव्य शुभंकर समारोह में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ पीटी ऊषा ने इसकी जानकारी सार्वजनिक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर प्रतीक मौली, लोगो, जर्सी, एंथम और टैग लाइन को लॉन्च किया। राष्ट्रीय खेलों के लिए टैग लाइन संकल्प से शिखर तक घोषित की गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन एक उत्सव के रूप में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का लोगो हमारे राज्य पक्षी मोनाल से प्रेरित है जो उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता और विविधता के रंगों को भारत के प्रत्येक कोने तक पहुँचाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खेलों की थीम ग्रीन गेम्स रखी गयी है।

श्री धामी ने कहा कि इस आयोजन के लिए राज्य सरकार ने अवस्थापना सुविधाओं में लगभग 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

राष्ट्रीय खेल–02

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए प्रत्येक स्तर पर अभिनव प्रयास किए गए हैं। फिट इंडिया, खेलो इंडिया योजना के साथ मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम विकसित किया गया है।

एक वीडियो संदेश के जरिए केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को खेलों में महाशक्ति बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल के माध्यम से हमारा लक्ष्य देश की उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

इस मौके पर केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि देश के खिलाड़ी आज अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल विकास में केंद्र सरकार उत्तराखंड को पूरी मदद देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि ओलंपिक का आयोजन भारत में कराया जाए।

भारतीय ओलपिंक संघ की अध्यक्ष डा. पीटी ऊषा ने राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए उत्तराखंड को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि खेलों के विकास में उत्तराखंड में बेहतर कार्य होगा।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन बेहद उत्साहित करने वाला है।

विजय दिवस

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने विजय दिवस के अवसर पर 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित असाधारण वीरता, अदम्य साहस और अटूट देशभक्ति को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण किया है। विजय दिवस की पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि यह दिन न केवल 1971 के युद्ध की महान जीत का स्मरण कराता है, बल्कि उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने का भी अवसर है, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से यह विजय सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक इन वीर जवानों के प्रति गर्व और सम्मान की भावना से ओतप्रोत है।

लोक विरासत कार्यक्रम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश के सभी लोक कलाकार अपनी मेहनत और लगन से उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वे कल देर शाम देहरादून के निजी विद्यालय में आयोजित लोक विरासत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा अपना म्यूजिकल बैंड बनाकर उत्तराखंड के लोक–गीतों को नए कलेवर के साथ एक नई पहचान देने का भी कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक गायन, लोक संगीत और लोकनृत्य की अनेकों प्रकार की शैलियाँ और वाद्य यंत्र हमारी लोक संस्कृति को और अधिक समृद्ध बनाते हैं। श्री धामी ने कहा कि छोलिया नृत्य, झोड़ा, चांचरी, नेवली, पांडव नृत्य और मुखौटा नृत्य जैसे अनेकों लोकनृत्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का पुनर्निर्माण करवाने के साथ ही सांस्कृतिक मेलों का आयोजन और अधिक भव्य रूप में किया जा रहा है।

भर्ती रैली

भारतीय सेना में अग्निवीर पदों के लिए हरिद्वार के रूड़की में भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। बढ़ती सर्दी के बावजूद बड़ी संख्या में उम्मीदवार भर्ती रैली के लिए पहुंच रहे हैं। अग्निवीर जनरल ड्यूटीज़ के पदों के लिए भर्ती रैली के पाँचवें दिन भी उम्मीदवारों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस रैली के इस विशेष चरण ने पौड़ी गढ़वाल से उम्मीदवारों को आकर्षित किया।

शीतकालीन चारधाम यात्रा

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने चंडीघाट क्षेत्र के नमामि गंगे घाट पर शीतकालीन चारधाम यात्रा की शुरुआत की।यात्रा शुरू करने से पहले शंकराचार्य ने मां गंगा की पूजा–अर्चना की। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि ग्रीष्मकाल के समय में ग्रीष्मकालीन स्थान पर भगवान की पूजा होती है। ऐसे ही शीतकाल के समय में शीतकालीन स्थान पर भगवान की पूजा जारी रहती है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी शीतकालीन चारधाम यात्रा में रूचि ली है, जो कि बहुत अच्छी बात है।

प्रतियोगिता

देहरादून के एस.जी.आर.आर. पीजी कॉलेज में कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 18वर्ष से कम आयु वर्गों में 25 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अंडर 14 में विवेकानंद प्रथम और गुरु राम राय द्वितीय अंडर 18 में केदार नगर प्रथम और महाराणा प्रताप नगर द्वितीय रही। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर एक नजर———

उत्तराखंड में 28 जनवरी से शुरू होने वाले राष्ट्रीय खेलों को आज सभी समाचार पत्रों ने मुख्य पृष्ठ पर स्थान दिया है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है कि – 38वें नेशनल गेम्स की लांच सेरेमनी में लोगो, एंथम और जर्सी का अनावरण। हिन्दुस्तान लिखता है कि– राष्ट्रीय खेलों के प्रतिकों में उत्तराखंड की झलक।

अमर उजाला ने केंद्रीय गृह मंत्री के हवाले से लिखा है कि नक्सली हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौटें। इस खबर को नवोदय टाइम्स लिखता है कि– नक्सली समर्पण करें, या कड़ी कार्रवाई को तैयार रहें।

देश में ईवीएम विवाद को एक बार फिर सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण ने जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के हवाले से लिखा है– हारे तो ईवीएम खराब, जीते तो सब सही, ये नही चलेगा। वहीं इस खबर को नवोदय टाइम्स लिखता है कि– ईवीएम पर रोना बंद करे कांग्रेस।

क्रिकेट की दुनिया में उत्तराखंड के बागेश्वर निवासी प्रेमा रावत का वूमेंस प्रीमियर लीग में चयन होने पर – हिन्दुस्तान लिखता है – पहाड़ की बेटी प्रेमा बनी बड़ी खिलाड़ी।